“संशोधित त्रैमासिक हिन्दी प्रतिवेदन” पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 16.05.2025 को भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय, द्वारा **संशोधित त्रैमासिक हिन्दी प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि** पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को वार्षिक कार्यक्रम-2025-26, निरीक्षण प्रश्नावली, हिन्दी मासिक तथा त्रैमासिक प्रतिवेदन को उचित तरीके से भरने तथा ई-ऑफिस में टिप्पण तथा पत्राचार आकड़ों की गणना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यशाला में परिषद मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों से उपस्थित कुल 28 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण स्लाइड शो के माध्यम से मुख्यालय के प्रमंडल कक्ष में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संशोधित त्रैमासिक प्रतिवेदन को भरते समय आने वाली समस्याओं को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विस्तारपूर्वक समाधान भी किया गया। इस कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया। कार्यशाला के संचालन में श्री रवि दत्त, उच्च श्रेणी लिपिक का सहयोग रहा।

कार्यशाला की कुछ झलकियां